# 86 लाख का झांसा देकर होटल कर्मचारी से ठगे 3 .25 लाख

▶ सोशल मीडिया पर देखा था 786 के नोट का विज्ञापन

**उज्जैन। 786 नम्बर के नोट पर लाखों रुपए मिलने के झांसे में फंसे होटल कर्मचारी ने 3.25 लाख रुपए गंवा दिये। ठगी के बाद आनलाइन शिकायत की गई। पुलिस ने अब मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।**

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि होटल रूद्राक्ष में मोहन पिता लीलप्रसाद श्रेष्ठा निवासी अघाखंची छतरदेव गाबीसा 05 लुम्बनी नेपाल कर्मचारी है। उसने 786 नम्बर के नोट का कलेक्शन करने का शौक है। उनके पास 500 के दो और 100 का नोट इसी नम्बर की सीरिज का है। जनवरी-फरवरी माह के बीच उन्होंने सोशल मीडिया पर आने वाले उक्त नम्बरों के नोट के बदले लाखों रुपए मिलने का विज्ञापन देखा था। जिसके आधार पर उसने संपर्क किया और जानकारी ली तो तीनों नोट के बदले 86 लख रुपए देने की बात कही गई। जिसके झांसे में फंसकर उन्होंने अपने पास मौजूद नम्बरों के नोट का फोटो संबंधित विज्ञापन प्रसारित करने वाले को भेजे। उन्हें झांसे में लेकर रजिस्ट्रेशन की बात कहीं गई और अलग-अलग नाम पर 3.25 लाख रूपयों का आनलाइन ट्रांजेक्शन करा लिया गया। लेकिन 786 नम्बर के नोटों के बदले उन्हें कुछ नहीं दिया गया। अपने साथ ठगी होने पर उन्होंने आनलाइन शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी के अनुसार 3 माह बाद शिकायत का निराकरण नहीं होने पर मामला पुलिस के पास पहुंचा। जिसके चलते मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है। आनलाइन हये ट्रांजेक्शन की जानकारी बैंक के माध्यम से प्राप्त की जा रही है। उसके बाद आगे की विवेचना शुरू की जायेगी।




## प्राइवेट बैंक में काम करने वाले युवक ने किया सुसाइड

उज्जैन। प्राइवेट बैंक में होम लोन का काम करने वाला युवक रात 10 बजे तक घर नहीं पहुंचा तो पिता अपने भाई के साथ उसकी तलाश में निकले युवक रास्ते में मृत पड़ा मिला। डॉक्टर ने जहरीला पदार्थ खाने की बात कही है। नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम बाढ़ कुम्मेद में रहने वाला आशीष पिता ताराचंद विश्वकर्मा 22 साल एचडीएफसी बैंक में होम लोन का काम करता था और प्रतिदिन नरवर से उज्जैन अपडाउन करता था। रात में वह 8 बजे तक घर पहुंच जाता था। सोमवार को रात 10 बजे तक घर नहीं पहुंचा तो पिता ने उसके मोबाइल पर कॉल किया लेकिन स्विच ऑफ आ रहा था। पिता ने शंकरपुर में रहने वाले अपने भाई दिनेश से जानकारी ली और आशीष के आने की बात कही तो दिनेश ने मना कर दिया। दोनों भाई आशीष की तलाश में घर से निकले। इस दौरान आशीष बाढ़ कुम्मेद और उज्जैन के बीच रास्ते में पडा दिखाई दिया। उसकी बाइक भी मौके पर पड़ी थी पिता और बड़े पापा उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान रात 2 बजे आशीष की मौत हो गई। डॉक्टर ने जहरीला पदार्थ खाने की बात परिजनों को बताई है। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि आशीष को कोई परेशानी नहीं थी और परिवार का एकलौता पुत्र था।

## बदबू आने पर मकान से मिली तीन दिन पुरानी लाश

उज्जैन। बुधवार सुबह ईदगाह मार्ग पर गंगानगर में बंद मकान से एक युवक की लाश बरामद की गई है। बदबू आने पर मकान में किराए से रहने वाले युवकों ने पुलिस को सूचना दी थी। आशंका जताई जा रही है कि अधिक शराब पीने से युवक की मौत हुई है। चिमनगंज थाना क्षेत्र के गंगानगर में मोहनलाल ठाकुर का मकान बना हुआ है। जिनका एक मकान श्रीकृष्णा कॉलोनी में भी है। मोहनलाल का पुत्र रामसिंह शराब पीने का आदी है। आज दिन वह श्रीकृष्णा कॉलोनी स्थित मकान पर पहुंच माता-पिता से विवाद करता था। जिसके चलते माता-पिता ने उसे गंगानगर स्थित मकान में की ऊपरी मंजिल पर एक कमरा बनाकर शिफ्ट कर दिया था नीचे किराएदार रहते हैं। पिछले तीन-चार दिनों से राम सिंह दिखाई नहीं दिया था और उसके कमरे का दरवाजा भी बंद था। बुधवार सुबह गंगानगर मकान में रहने वाले किराएदारों को बदबू महसूस हुई तो उन्होंने राम सिंह के परिजनों और पुलिस को सूचना दी। गंगानगर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा तो राम सिंह की लाश पड़ी दिखाई दी। आशंका जताई जा रही है कि अधिक शराब पीने से राम सिंह की मौत हुई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है।

# आग उगल रहा सूरज, तापमान 44 .7 डिग्री तक पहुंचा

**उज्जैन।** सूरज आग उगल रहा है। गर्मी तबाही मचाने लगी है। बुधवार को सीजन का सबसे अधिक तापमान 44.7 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले सोमवार को 44.4 डिग्री दर्ज हुआ था। मंगलवार बुधवार रात न्यूनतम तापमान भी 27 डिग्री के करीब दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने लू का अलर्ट जारी किया है।

मई माह का प्रथम सप्ताह गुजरने के बाद सूरज ने आग उगलना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ दिनों से लगातार तापमान में तेजी दर्ज की जा रही है। बुधवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले मंगलवार को 44.4 डिग्री तापमान दर्ज होने के बाद ही स्थानीय वेधशाला ने तापमान के 46 डिग्री तक पहुंचाने का अनुमान जता दिया था। मंगलवार-बुधवार रात 26.8 डिग्री तापमान दर्ज हुआ था। मौसम विभाग में लू चलने का अलर्ट जारी कर दिया है। हवा 4 से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली रही है। जिसके आगामी दिनों में 10 किलोमीटर प्रतिघंटा होने की संभावना है। गर्म हवा राजस्थान की ओर से आ रही है। इस सीजन में सालों पुराना रिकॉर्ड टूटने की संभावना भी दिखाई देने लगी है।

## एसी और जम्बो कूलर से राहत

गर्मी से राहत सिर्फ एसी और जम्बो कूलर से मिल पा रही है। ऑफिस-कार्यालयों और प्रतिष्ठनों पर जम्बो कूलर दिखाई दे रहे है। पुलिस को भी थानों की लॉकअप में बंद मुल्जिमों के लिये कूलर लगाने पड़ रहे हैं। सबसे ज्यादा मुसीबत में दिहाड़ी मजदूर दिखाई दे रहे है। जो 44 डिग्री पहुंच चुके तापमान में भी दो जून की रोटी के लिये आग उगलते सूरज की तपन में काम कर रहे है।

## एक नजर में



### अंधेरे से प्रकाश की ओर का मंचन

**उज्जैन।** यथार्थ सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा कोलकाता की ख्यात अभिनेत्री पौलमी घोष के एकल नाटक अंधेरे से प्रकाश की ओर का मंचन 12 मई को कालिदास संस्कृत अकादमी में किया गया। इस भावपूर्ण प्रस्तुति में पौलमी ने अपने सशक्त अभिनय से लेखिका हेलेन केलर के प्रेरणादायक जीवन को मंच पर साकार कर दिया। शुभारंभ कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गंधे, श्रीपाद जोशी, श्रीराम दवे, पिलकेन्द्र अरोरा एवं गिरजेश व्यास ने दीप प्रज्वलन कर किया।यह नाटक अमेरिकी लेखिका और दुनिया की पहली दृष्टिबाधित व मूकबधिर स्नातक हेलेन केलर के जीवन संघर्ष पर केंद्रित है। इस अवसर पर सतीश दवे, शरद शर्मा, राजीव सक्सेना, श्याम मुंशी, अमिताभ सुधांशु, प्रकाश चित्तोड़ा, श्रीकृष्ण जोशी, कुमार किशन, कुमार शिवम, शिरीष राजपुरोहित, राजेश जूनवाल, धर्मेश जौहरे, रामचंद्र गांगुलिया, राजेंद्र चावड़ा, मनीष व्यास, संजय शर्मा, विनोद कलम्बकर और पांखुरी वक्त जोशी सहित अनेक प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत संस्था निदेशक दुर्गेश बाली एवं उपाध्यक्ष विशाल कलम्बकर ने किया। कार्यक्रम का संचालन शेफाली चतुर्वेदी ने किया एवं आभार संस्था सचिव प्रकाश देशमुख ने व्यक्त किया।

### 20 मई को राष्ट्रव्यापी दवा बाजार बंद

**उज्जैन।** अवैध ई-फार्मेसी और बड़े कॉरपोरेट घरानों द्वारा दवाओं पर दिए जा रहे डीप डिस्काउंट के विरोध में देशभर के 12 .40 लाख दवा विक्रेता 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहेंगे। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) के आव्हान पर उज्जैन जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन भी इस बंद का पूर्ण समर्थन करेगा। एसोसिएशन के सचिव मनोज दुग्गड़ ने बताया कि यह बंद दवा विक्रेताओं के अस्तित्व और जनस्वास्थ्य की रक्षा के लिए किया जा रहा है, जिससे 5 करोड़ आश्रितों की आजीविका भी जुड़ी है। उज्जैन जिला केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम त्रिपाठी और सचिव मनोज दुग्गड़ ने बताया कि एआईओसीडी के अध्यक्ष जेएस शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने स्पष्ट किया है कि कॉर्पोरेट्स को अनुचित छूट देने से रोकने हेतु एकसमान अवसर वाली नीति बनाई जाए। यदि 20 मई तक सरकार इन मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लेती है, तो देशभर के दवा विक्रेता अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### डॉ. रवि सोलंकी का अभिनंदन होगा आज

**उज्जैन।** श्री साईधाम समिति (रजि.) एवं द्वारकामाई भक्त मंडल के तत्वावधान में उज्जैन विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी के मनोनयन पर उनका अभिनंदन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस गरिमामय अवसर पर आत्मनिर्भर दिव्यांगों का सम्मान और भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम आज 14 मई, गुरुवार को सायं 7 .30 बजे आरती के साथ प्रारंभ होगा। इसके पश्चात यूडीए अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी के करकमलों द्वारा सम्मान समारोह संपन्न होगा। यह आयोजन श्री शिरडी साईबाबा मन्दिर, द्वारकामाई (अखण्ड धूनी), देवस्थान चौबीस खम्बा माता मन्दिर के पीछे, महाकाल मन्दिर मार्ग, गुदरी चौराहा पर किया जाएगा। संस्थापक अशोक आचार्य, कार्यक्रम संयोजक कमल गोयल, भजन संध्या संयोजक दिनेश चौहान (साईराम) और निवेदक जयशंकर पुरोहित ने सभी धर्मप्रेमियों से सपरिवार एवं इष्टमित्रों सहित उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# जनगणना के आंकड़े विकास-प्रगति के लिए, इसलिए जनगणना कार्य में करें सहयोग...

**उज्जैन।** देश की पहली डिजिटल जनगणना प्रारंभ हो गई है। 01 मई से 31 मई तक प्रगणक द्वारा घर घर पहुंच कर मकान सूचीकरण का कार्य संपन्न किया जा रहा है। इसी क्रम में जनगणना से संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बुधवार को ब्लॉक एवं सर्कल स्तर पर जनगणना से संबंधित किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया।

इसमें जोन क्रमांक 4 एवं जोन क्रमांक 05 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 40 पंवासा क्षेत्र, वार्ड क्रमांक 41 गोपालपुर क्षेत्र, लोटी स्कूल के पास, इत्यादि क्षेत्रों में 08 से अधिक ब्लॉक स्तर पर सुपरवाइजर एवं प्रगणक के साथ घर-घर भ्रमण करते हुए नागरिकों से जानकारी संग्रहित की गई। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सुपरवाइजर एवं प्रगणक को निर्देशित किया की जनगणना का कार्य समय सीमा से पूर्ण हो जो अवधि तय की गई है। उसमें ही जनगणना का कार्य पूर्ण किया जाए ब्लॉक एवं सर्कल स्तर पर कुछ सुपरवाइजर एवं प्रकरण द्वारा कार्य करते हुए समय से पूर्व ही जनगणना के कार्य को पूर्ण किया गया है। इस दौरान अपर आयुक्त संतोष टैगोर, अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा, उज्जैन संभाग प्रभारी राजेश मौर्य, उपायुक्त मनोज मौर्य, जिला प्रभारी जनगणना तेजेंदर सिंह, सर्कल सुपरवाइजर राजेश राठौर, सरिता सोलंकी, प्रगणक गीता अखंड उपस्थित रहे।

# भाई और मामा के हिरासत में आने पर मिली नाबालिग, 6 माह पहले हुई थी लापता

▶ पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी

**उज्जैन।** पानबिहार चौकी क्षेत्र से 6 माह पहले लापता हुई नाबालिग को पुलिस ने उज्जैन से दस्तयाब कर लिया। नाबालिग के लापता होने पर परिजनों ने दीपक मालवीय पर बहला-फुसला कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी।

3 दिन पहले पता चला क नाबालिग को ले जाने वाले दीपक मालवीय की मदद उसका भाई संदीप मालवीय और मामा सोनू कर रहा है। चौकी प्रभारी जयंत डामोर ने बताया कि संदीप और सोनू को हिरासत में लेकर उन्हें आरोपी बनाया गया और पूछताछ के लिये अपहरण के मामले में जेल भेज दिया था। जिसके बाद दीपक मालवीय नाबालिग को लेकर उज्जैन नानाखेड़ा पहुंचा था। जिसकी जानकारी मिलने पर टीम रवाना की गई। नाबालिग को छोड़ दीपक मालवीय भाग निकला था। नानाखेड़ा बस स्टैंड से नाबालिग को दस्तयाब कर चौकी लाया गया। जहां बयान दर्ज करने पर दीपक मालवीय को अपहरण के साथ नाबालिग के साथ गलत काम करने का आरोपी बनाया गया है। नाबालिग के अनुसार दीपक उसे झांसा देकर ले गया था और भोपाल-इंदौर में किराये के मकान रखा। चौकी प्रभारी के अनुसार नाबालिग को परिजनों के सुपुर्द किया।

# ई-रिक्शा बने ट्रैफिक की बड़ी चुनौती, नहीं बन पा रही नई नीति

▶ जाम, विवाद और हादसे, ई-रिक्शों ने बढ़ाई उज्जैन की परेशानी

**उज्जैन।** धर्म, आस्था और अध्यात्म की नगरी उज्जैन इन दिनों सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के दौर से गुजर रही है। शहर की सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है, नए मार्ग विकसित किए जा रहे हैं और करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधारभूत व्यवस्था को मजबूत बनाया जा रहा है। वही दूसरी ओर शहर की यातायात व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है और इसके पीछे सबसे बड़ा कारण अनियंत्रित रूप से बढ़ते ई-रिक्शा माने जा रहे हैं।

उज्जैन की सड़कों पर ई-रिक्शों की संख्या इतनी अधिक हो चुकी है कि कई प्रमुख मार्गों पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। शहर की अधिकांश सड़कें अभी संकरी हैं और कई स्थानों पर निर्माण कार्य चल रहा है। ऐसे में जहां-तहां से गुजरते ई-रिक्शा न केवल यातायात बाधित कर रहे हैं, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ा रहे हैं।

सिंहस्थ के दौरान देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु उज्जैन पहुंचेंगे। ऐसे में यातायात व्यवस्था का सुचारु होना अत्यंत आवश्यक है। यदि अभी से ई-रिक्शा संचालन को नियंत्रित नहीं किया गया, तो आने वाले समय में यही समस्या बड़े आयोजन के दौरान गंभीर अव्यवस्था का कारण बन सकती है। महाकाल की नगरी को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और श्रद्धालु-अनुकूल बनाने के लिए जरूरी है कि ई-रिक्शा व्यवस्था को नियमों के दायरे में लाया जाए। समय रहते ठोस निर्णय लिए गए तो उज्जैन की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और सिंहस्थ 2028 के लिए शहर



## कई योजनाएं बनीं, अमल नहीं

पिछले वर्षों में ई-रिक्शा संचालन को व्यवस्थित करने के लिए अनेक योजनाएं बनाई गई थीं। अलग-अलग शिफ्ट में संचालन, रंगों के आधार पर वाहन पहचान, क्षेत्रवार अनुमति और क्रमांक निर्धारण जैसे प्रस्तावों पर चर्चा हुई। लेकिन इनमें से कोई भी योजना धरातल पर प्रभावी रूप से लागू नहीं हो सकी। परिणामस्वरूप समस्या जस की तस बनी हुई है और समय के साथ और गंभीर होती जा रही है। शहर के जानकारों का मानना है कि मध्य प्रदेश परिवहन विभाग, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय और यातायात पुलिस यदि संयुक्त रूप से अभियान चलाएं तो ई-रिक्शा संचालन के लिए एक व्यावहारिक और सख्त नीति बनाई जा सकती है।

## नियमों की अनदेखी-हो रही दुर्घटनाए

शहरवासियों का कहना है कि बड़ी संख्या में ई-रिक्शा बिना किसी स्पष्ट नियम-कायदों के संचालित हो रहे हैं। कई चालक निर्धारित मार्गों का पालन नहीं करते, नो-एंट्री क्षेत्रों में भी प्रवेश कर जाते हैं और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में मनमाने ढंग से वाहन खड़े कर देते हैं। इससे आम नागरिकों, व्यापारियों, स्कूल जाने वाले बच्चों, श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कई बार ई-रिक्शा ओवरलोड होने के कारण पलट जाते हैं। इन घटनाओं में यात्रियों और श्रद्धालुओं को चोटें भी लग चुकी हैं। इसके बावजूद नियंत्रण के लिए ठोस और स्थायी व्यवस्था अब तक लागू नहीं हो सकी है।

## अनियंत्रित ई-रिक्शा दुर्घटनाओं की बड़ी वजह

### प्रीपेड बूथ व्यवस्था कागजों तक

महाकाल मंदिर क्षेत्र में यात्रियों की सुविधा और किराए को लेकर पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रीपेड बूथ की व्यवस्था की गई थी। उद्देश्य यह था कि यात्री निर्धारित किराया देकर रसीद प्राप्त करें और विवाद की स्थिति न बने। लेकिन वास्तविकता यह है कि अधिकांश यात्री बूथ से रसीद नहीं कटवाते और सीधे चालकों से सौदा कर लेते हैं। इसके कारण किराए को लेकर आए दिन विवाद होते हैं। श्रद्धालुओं और ई-रिक्शा चालकों के बीच कहासुनी की घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे महाकाल दर्शन के लिए आने वाले लोगों पर शहर की व्यवस्था का प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

# मातृत्व दिवस : उज्जैन की 4 सेवाभावी महिलाओं का होगा सम्मान

**उज्जैन। मातृत्व दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय महिला परिषद अवंति द्वारा 14 को मातृत्व सम्मान एवं अभिवादन सभा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 7 बजे विद्यासागर अतिथि भवन में होगा। समारोह में परिषद की सदस्यों की माताओं के साथ ही नगर की चार प्रतिभावान एवं सेवाभावी महिलाओं का उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विशेष सम्मान किया जाएगा।**

परिषद अवंति की अध्यक्ष रूपल शाह और सचिव आभा शाह ने बताया कि माताओं के सम्मान में आयोजित इस अभिवादन सभा में परिषद की नई बहुओं द्वारा अपनी सासु मां के साथ नृत्य प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में निशि जैन द्वारा मातृत्व सम्मान शैली में हाउजी प्रस्तुत की जाएगी। वहीं, मोनिका सेठी और वनीता गंगवाल सुपर सासु मां के लिए विभिन्न राउंड को आधुनिक रूप में प्रस्तुत करेंगी। कोषाध्यक्ष वंदना सेठी ने बताया कि इस अवसर पर प्रांतीय संरक्षक स्नेहलता व संगीता सोगानी, प्रांतीय उपाध्यक्ष नीता धवल व नीलम पंड्या तथा संभाग अध्यक्ष मधु कोठारी का विशेष आतिथ्य रहेगा।



## इन चार विभूतियों का होगा सम्मान

कार्यक्रम में शहर की चार प्रमुख समाजसेविकाओं का अभिनंदन किया जाएगा। इनमें वीरबाला कासलीवाल, पुष्पा बज, आशा झांझरी, आशा पाटनी का सम्मान किया जाएगा। सभी महिलाओं के स्वागत का दायित्व महिला परिषद के फ्रीगंज मंडल द्वारा निभाया जाएगा। उपस्थित होने की अपील स्नेहलता विनायका, कविता मंगलम व समाजजनों ने की है।

# अजाक्स की संभागीय बैठक 17 मई को

▶ देवास रोड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज सभागृह में महत्वपूर्ण बैठक

**उज्जैन।** अजाक्स संगठन की उज्जैन जिला इकाई द्वारा दूसरे मालवांचल अजाक्स सम्मेलन का आयोजन मई माह के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर संगठन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं तथा लगातार बैठकों का दौर जारी है।

संभागीय अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा के नेतृत्व में उज्जैन संभाग के सभी जिलों में अजाक्स एजेंडा को लेकर जिला सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 17 मई को देवास रोड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज सभागृह में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में उज्जैन संभाग के सात जिलों के पदाधिकारी शामिल होंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शामिल होने की संभावना है। जिसको लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। बैठक सुबह 12 बजे से शुरू होकर दोपहर 3 बजे तक चलेगी। उज्जैन जिले में डॉ. आरएल परमार जिला अध्यक्ष के रूप में कार्यक्रम की कमान संभाले हुए हैं। अजाक्स ने सभी से 17 मई की बैठक में अधिक से अधिक संख्या में शामिल

# शब्दों से मानवीयता को जीवंत कर रहीं कविता किरण

▶ डॉ. देवेंद्र जोशी साहित्य विमर्श परिषद ने किया कवयित्री का सम्मान, गोष्ठी में बिखरे रंग

**उज्जैन।** प्रख्यात कवयित्री कविता किरण अपनी रचनाधर्मिता से प्रेम और मानवीयता के संसार को जीवंत रखने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने स्त्री अस्मिता, समाज की अपेक्षाओं और संघर्षों को अपनी कविताओं में गहराई से पिरोया है। उनकी रचनाएं केवल शब्द नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदना और मानवीय आस्था का प्रतीक हैं।

यह बात सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेंद्रकुमार शर्मा ने कही। वे महेश नगर में डॉ. देवेंद्र जोशी साहित्य विमर्श परिषद द्वारा आयोजित सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी में बतौर अध्यक्ष बोल रहे थे। इस अवसर पर साहित्यकारों की उपस्थिति में



## अतिथियों ने साझा किए संस्मरण

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. हरिमोहन बुधौलिया ने डॉ. कविता किरण की काव्य साधना की सराहना करते हुए अपने संस्मरण सुनाए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और डॉ. देवेंद्र जोशी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सरस्वती वंदना डॉ. अनामिका सोनी ने प्रस्तुत की। संचालन सुनील गाइड तराना ने किया तथा अंत में आभार सुरेंद्रसिंह राजपूत हमसफर ने माना। कार्यक्रम में नगर के अनेक साहित्यकार उपस्थित थे।

वीआईपी ने किए दर्शन ▶ विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में प्रतिदिन नेता और अभिनेताओं का आगमन जारी है

# भोजपुरी अभिनेता चिंटू और यूपी के राज्य मंत्री ने किए दर्शन

**उज्जैन।** भगवान श्री महाकालेश्वर के दरबार में नेता और अभिनेताओं का आना निरंतर जारी है। वहीं कुछ देश प्रदेश की खुशहाली के लिए तो कुछ अपने निजी काम को लेकर महाकाल के दर्शन करने आते हैं। इसी क्र में बुधवार सुबह होने वाली भस्म आरती में भोजपुरी फिल्म जगत के अभिनेता प्रदीप पांडे चिंटू और यूपी के राज्यमत्री दिनेश प्रताप सिंह शामिल हुए। प्रदीप पांडे ने नंदी हॉल में बैठकर भगवान शिव की भस्म आरती के दर्शन किए। आरती के पश्चात उन्होंने श्री महाकाल का पूजन किया और मंदिर की व्यवस्थाओं की सराहना की। उत्तर प्रदेश सरकार के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग के राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने भी भस्म आरती में सहभागिता की। उन्होंने चांदी द्वार से भगवान महाकाल का पूजन-अभिषेक किया। वहीं दोनों ने महाकाल मंदिर समिति की दर्शन



## पूर्ण हुई चारों वेदों की यज्ञ श्रृंखला

उज्जैन। श्री भागवत धर्म सेवा न्यास द्वारा संचालित अशोक विहार कॉलोनी स्थित श्री गजानन महाराज मंदिर में दो दिवसीय श्री यजुर्वेद संहिता यज्ञ का आयोजन किया गया। नांदेड़ महाराष्ट्र से पधारे वेद मूर्ति निलेश जोशी एवं उनके सहयोगियों के आचार्यत्व में यह धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान से संपन्न हुआ। न्यास के अध्यक्ष डॉ. मुकुंद गोखले एवं सचिव हर्षवर्धन गोरे ने बताया कि चार वेदों की यज्ञ श्रृंखला में यह चौथे वेद का अनुष्ठान था। इससे पूर्व तीन वेदों के संहिता यज्ञ सफलतापूर्वक संपन्न किए जा चुके हैं। इस दो दिवसीय अनुष्ठान के दौरान यज्ञ नारायण की अग्नि को सतत प्रज्वलित रखा गया और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विभिन्न प्रकार की समिधा व औषधियों से आहुतियां प्रदान की गईं। इस पुनीत अवसर पर अनिल जोशी और कालिदास अकादमी के निदेशक गोविंद गंधे विशेष रूप से उपस्थित रहे। यज्ञ के दौरान बड़ी संख्या में भक्तगणों ने शामिल होकर दर्शन व परिक्रमा कर धर्म लाभ लिया।